हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 65 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 17 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

# बस वालों का फर्जीवाड़ा

## नीमच-मंदसौर-इंदौर का बोर्ड लगाकर चढ़ा रहे सवारी, यात्रियों को बीच रास्ते में उतार रहे

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। जिला परिवहन विभाग की जुगलबंदी का परिणाम है कि नियमों को ताक पर रखकर बसें चल रही है। इधर फर्जी तरीके से बिना परमिट के ही अलग-अलग गंतव्य तक पहुंचाने का बोर्ड लगाकर बसें चलाई जा रही है। नीमच से यात्रियों को बैठा तो लिया जाता है। लेकिन यात्रियों को मंदसौर में ही उतार दिया जाता है। इस तरह से फर्जीवाड़े पर कार्रवाई का अधिकार परिवहन विभाग को है। लेकिन, मंदसौर के परिवहन विभाग के कारिंदों की बस वालों से जुगलबंदी जनता के लिए मुसीबत का कारण बन रही है।**

निजी बस संचालक नियमों के खिलाफ बसें चला रहे हैं। ये नीमच से मंदसौर-रतलाम-इंदौर के बोर्ड लगाकर सवारियों को बैठा रहे हैं। लेकिन, यात्रियों को बीच में उतार कर दूसरी बसों में बैठा दिया जाता है। इससे यात्रियों को उनमें जगह नहीं मिलती व काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। नीमच सहित मंदसौर, रतलाम जिलों के कई लोग निजी बसों से सफर करते हैं। लंबे समय से बस संचालक लंबी-लंबी दूरी के बोर्ड लगाकर सवारियों को बैठा लेते हैं, फिर दूसरे शहरों में उनका इंतजार कर रही दूसरी बसों में बैठा देते हैं। वहां उनको सीट नहीं मिलती, जिससे काफी परेशान होना पड़ता है। कई बस संचालक तो यह कार्य शहरों के बाहर हाइवे पर करते हैं, जिससे यात्री विरोध भी नहीं कर सकें। बस स्टैंड पर विवाद होने पर प्रशासन तक जानकारी पहुंचने का खतरा भी रहता है।

### नीमच से रतलाम, इंदौर की कह बैठाते, मंदसौर मेंउतार देते...

नीमच से दोपहर में करीब 1.30 बजे चलने वाली बस एमपी 44 आर 1189 में नीमच से रतलाम तक का बोर्ड लगाते हैं। कांच के यहां लगे बोर्ड में 3 शहरों के नाम लिखे होते हैं। दोपहर 2.31 बजे मंदसौर रोड पर टोल से पहले एक चाय की होटल पर अन्य बस इसका इंतजार करती है। यहां नीमच से चलने वाली बस से रतलाम के यात्रियों को उतारकर दूसरी बस में बैठा दिया जाता है।

इसी तरह रतलाम, जावरा व सैलाना से दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे तक चलने वाली कई बसों के संचालक नीमच, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, भीलवाड़ा तक की सवारी बैठा लेते हैं। ये मंदसौर में शिवना ब्रिज के बाद जिला जैल व पुलिस पेट्रोल पंप के यहां नीमच, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, भीलवाड़ा की सवारियों को दूसरी बस में बैठा देते हैं। इस दौरान बस संचालक यात्रियों से पूरी दूरी का किराया वसूल लेते हैं। अगली बस को कमीशन के हिसाब से यात्रियों की संख्या के आधार पर राशि दे दी जाती है।



### अवैध रूप से यात्रियों से अधिक माल लाती हैं बसें...

यात्री बसों में लोडिंग सामान नहीं रखा जा सकता है। इसके बाद भी बिना रोकटोक के लंबी दूरी पर चलने वाली बसों की डिग्गी, बस की छत सहित बस के अंदर सीटों के मध्य भी बड़ी मात्रा में माल एक शहर से दूसरे शहर पहुंचाया जाता है। ड्राइवर या परिचालक लोगों से मोटा भाड़ा भी वसूलते हैं। मंदसौ से नीमच एक छोटा-सा पार्सल पहुंचाने के लिए यह 80 से 100 रुपए तक लेते हैं। इंदौर से रतलाम, मंदसौर, नीमच चलने वाली स्लीपर बसों में क्षमता से अधिक माल भरा होता है। परिवहन विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। ऐसे में अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।



# लोकायुक्त के हत्थे चढ़ा पुलिस वाला

## जमानत दिलवाने के लिए हेडसाब ने मांगे 15 हजार रुपए

**भानपुरा, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** लोकायुक्त की लगातार कार्रवाई के बाद भी घूसखोर भ्रष्ट अधिकारी, कर्मचारी बाज नहीं आ रहे हैं। रिश्वत का खेल अभी भी जारी है। इधर लोकायुक्त भी हार मानने को तैयार नहीं है। रिश्वतखोरों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। एक बार फिर एक पुलिस वाले को लोकायुक्त की टीम ने दबोचा है। जमानत दिलाने के लिए हेडसाब ने 15 हजार की मांग की थी। भानपुरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल को सोमवार को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है। लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान ने बताया कि हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान ने एक एफआईआर के मामले में जमानत दिलवाने के नाम पर 15 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। इसके बाद कॉन्स्टेबल को प्लानिंग कर रंगे हाथों पकड़ा गया है।

लोकायुक्त डीएसपी ने बताया कि मानपुरा ग्राम निवासी पप्पू सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में कहा गया था कि पप्पू सिंह के भाई ईश्वर सिंह और एक अन्य तूफान सिंह बंशीलाल के खिलाफ भानपुरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इस मामले में चालान शीट की कोर्ट में पेशी और जमानत दिलवाने के नाम पर हेड कांस्टेबल ने 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। डीएसपी श्री तालान ने बताया कि मामले की जांच करने के लिए शिकायतकर्ता को हेड कांस्टेबल की मांगी रिश्वत के साथ थाने बुलवाया गया। जैसे ही हेड कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता से पैसे लिए। पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल हितेश लालावत, इसरार, उमेश जाटव, श्याम शर्मा शामिल थे।

## मामला भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा का...

# तेरा-मेरा के चलते देरी से जारी हुई सूची

### नेताओं के खास को ही मिला मौका

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति में कई जगहों पर क्राइट एरिया को कहीं न कहीं ताक पर रखा गया। उम्र हो या नेताजी का हस्तक्षेप, दोनों ही महत्वपूर्ण बातों पर सवाल उठ रहे हैं। स्थिति यह रही कि रात तक सूची जारी हो पाई। इसका कारण रहा कि अपने अपने खासों के लिए नेताजी अड़े रहे। इस सूची में स्थानीय विधायकों के अलावा पूर्व विधायक और सांसद समर्थकों को मंडल अध्यक्ष बनने का मौका मिला।

मंडल अध्यक्ष की घोषणा से पहले प्रदेश के हर जिले की बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने साफ कर दिया था कि सांसद-विधायकों की सिर्फ राय ली जाएगी। बल्कि किसी नेता या सांसद विधायक के कहने पर मंडल अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। इसको लेकर प्रक्रिया भी इसी तरह से हुई। एक नियम के तहत चर्चा से लेकर रायशुमारी हुई। मानो ऐसा लग रहा था कि इस बार दरिया उठाने वाले किसी भाजपाई को भी मौका मिलेगा। लेकिन, रविवार रात जारी हुई सूची ने इसे गलत साबित कर दिया। जिले के इक्कीस में से 20 मंडल अध्यक्षों की सूची जारी हुई। इसमें अधिकांश कहीं न कहीं जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं के आशीर्वाद प्राप्त ही निकले। हालांकि दलौदा मंडल होल्ड पर रखा गया है। इस मंडल में नियुक्ति पर पेंच फंसने के कारण फिलहाल इसकी घोषणा नहीं की गई। लेकिन, माना जा रहा है कि मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा को उनके कार्यो को देखते हुए फिर से मंडल अध्यक्ष बनने का मौका दिया जा सकता है।

### चला स्वागत का दौर...

रविवार को दिनभर सोशल मीडिया पर मंडल अध्यक्ष की सूची को लेकर चर्चाओं का दौर जारी था। सभी को बेसब्री से इंतजार था। दोपहर मे सांसद सुधीर गुप्ता ने चुनाव प्रभारी पुष्यमित्र भार्गव से मुलाकात भी की थी। इसके बाद ये तय हो गया था कि सूची रविवार को ही जारी हो जाएगी। आखिरकार रात में सूची जारी हुई। इसके बाद रात में ही कई जगहों पर मंडल अध्यक्षों के समर्थकों ने खुशियों का इजहार करना शुरु कर दिया। ढोल ढमाकों के साथ मंडल अध्यक्षों को बधाईयां दी गई। दूसरे दिन सोमवार को भी बधाईयों का सिलसिला प्रत्यक्ष और सोशल मीडिया के माध्यम से जारी रहा।







**निरीक्षण**

**मंदसौर नगरपालिका भवन में कई जगह से मलबा गिरने व शौचालय सहित कई कमरों में पानी लीकेज की समस्या के चलते सोमवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने नपा लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ नगरपालिका भवन का निरीक्षण कर भवन की जर्जर स्थिति को समझा।**

# प्रशासन पर भारी पड़ रहा खाद माफिया..!

## मजबूरी में किसानों को उतरना पड़ रहा सड़क पर, चक्काजाम किया

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** खाद माफिया प्रशासन पर भारी पड़ रहा हैं। बाजार में आसानी से खाद महंगे दामों पर मिल रही है, लेकिन खाद वितरण केंद्र पर किसान चक्कर काट रहे हैं। पावती रखकर सुबह कड़ाके की ठंड में इंतजार कर रहे हैं। लेकिन, खाद नहीं मिल पा रही। शामगढ़ में किसान परेशान होकर सड़क पर उतर आए और चक्काजाम कर दिया।

वैसे तो जिले में कई जगह खाद को लेकर किसान परेशान है। लेकिन, शामगढ़ वेयर हाउस में किसान एक सप्ताह से खाद का इंतजार कर रहे हैं। रोज सुबह छह बजे केंद्र पर पहुंच जाते हैं। लेकिन, खाद नहीं मिलती। इसी कारण किसान सोमवार को सड़क पर उतर गए। किसानों ने चक्काजाम कर दिया। इसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों से बात की गई। उन्हें समझाईश दी गई। इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग गई। किसानों का कहना था कि बुधवार से खाद वितरण बंद कर दिया गया है। जबकि, बाजार में 400-450 रूपए कट्टे के भाव में आसानी से खाद मिल रही है।

बता दें कि फसल के लिए अभी खाद की मांग अधिक है। इधर शासन प्रशासन किसानों को पर्याप्त खाद के दावे तो कर रहा है, लेकिन उपलब्ध नहीं करवा पा रहा। ऐसे में मजबूरन किसान निजी दुकानों की ओर रुख कर रहे हैं। दुकानदार भी मुनाफाखोरी करने से नहीं चूक रहे हैं। गड़बड़ी छिपाने के लिए किसानों के मांगने पर बिल नहीं दे रहे हैं। ऐसे में कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर निर्देश महज बैठकों तक ही सीमित हो गए। हाल ही में प्रशासन ने जिले के सरकारी व निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों पर मात्रा के साथ दरों की सूची चस्पा भी करने के आदेश दिए थे। नियमों का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने भी निर्देश थे। थोड़े दिन पहले कुछ जगह कारवाई भी की, लेकिन इसके बाद मामला ठंडा पड़ गया।


# आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ी

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** इस समय हमारे देश का सबसे जरुरी दस्तावेजों में प्रमुख आधार कार्ड बन गया है। देश के किसी भी कोने में जाओ सब जगह आधार कार्ड जरुरी है। बैंक अकाउंट खुलवाने से लेकर जमीन खरीदने तक के लिए आधार कार्ड जरूरी है। यूं कहे तो जैसे इंसान ऑक्सीजन के बिना नहीं जीवित रह सकता। वैसा ही कुछ आधार कार्ड के साथ भी है। अगर साथ में आधार कार्ड नहीं है तो आपके कई कामों में अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। यूआईडीएआई की तरफ से फ्री में आधार कार्ड अपडेट कराने की सुविधा को 14 जून 2025 तक बढा दिया गया है।

**ऑफलाइन अपडेट कराने के लिए देनी होगी फीस**–यूआईडीएआई का कहना है कि फ्री में ऑनलाइन डाक्यूमेंट्स अपलोड करने की सुविधा 14 जून 2025 तक बढ़ा दी गई है। लाखों आधार कार्ड धारकों को लाभ पहुंचाने के लिए ये फ्री सेवा केवल एमआधार पोर्टल पर उपलब्ध है। यूआईडीएआई लोगों को अपने आधार में दस्तावेज अपडेट रखने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

# पुल से नीचे गिरा ट्रक, 10 लाख का सरसों पानी में बहा

**गरोठ, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा जाते वक्त सरसों से भरा ट्रक आरजे 17 जीए 7522 रूपरा पुल से नीचे गिर गया। हादसा रविवार देर रात करीब 1 बजे हुआ। घटना में ड्राइवर दीपक पिता नारायण और क्लीनर कालू लाल दोनों निवासी चोमेला जिला झालावाड़ राजस्थान घायल हो गए। इस हादसे में ट्रक चकनाचूर हो गया और इसमें भरा करीब 10 लाख रूपए का सरसों पानी में बह गया।





ट्रक चालक दीपक बताते हैं कि मैं रात को भानपुरा की ओर जा रहा था। जैसे ही गरोठ पार हुआ कि अचानक से पुल के पास एक बड़ा गड्ढा आ गया। जिससे गाड़ी बेकाबू हो गई और नदी में जा गिरी। यह तो भगवान का शुक्र रहा कि मेरी जान नहीं गई। मेरी पीठ और पैर में चोटें आई हैं। जिसका इलाज मैंने सिविल अस्पताल में कराया है।

ट्रक मालिक करू लाल ने कहा कि यह ट्रक चोमेला का है। इसमें सरसों लेकर जा रहे था। यहां के नेता और अधिकारियों को यह गड्ढे नजर नहीं आते हैं। जिससे आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती हैं। इस हादसे से मुझे 10 लाख का नुकसान हुआ है।

स्थानीय निवासी शाहिद शाह बताते हैं कि आए दिन इस स्थान पर हादसे होते हैं। यह रास्ता सही हो जाए तो दुर्घटनाएं नहीं होंगी। पुल के पास गड्ढे बहुत ही खतरनाक हैं। पुल की रेलिंग भी टूट गई है। ऐसे में दुर्घटना होना सामान्य सी बात हो गई है। जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### विधायक बोले- गड्ढे भरे जाएंगे...

गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने कहा कि एनसीईआरटी के पास स्टाफ की कमी है। दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं अभी तत्काल इसके लिए विभाग को सूचित करता हूं। जल्द गड्ढे भरे जाएंगे।





**डबल लाईन के लिए**– रेलवे द्वारा रतलाम – चित्तौड़ डबल लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है। गीताभवन अंडर ब्रिज को इस हेतु दो माह के लिए बंद किया गया है। यहां ब्लॉक डालने के लिए अंडर ब्रिज में जेसीबी और पोकलेन मशीन से खुदाई शुरू की गई। ब्लाक डालने के बाद उन पर पटरिया बिछाई जाएगी।

# कम्प्यूटर उपकरण चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गरोठ, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** दुकान से कम्प्यूटर उपकरण चोरी करने के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 15 दिसंबर को चेतन पिता कन्हैयालाल वर्मा निवासी गरोठ ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि उसकी उदिया कॉलेज रोड स्थित रजिस्ट्री की दुकान से मॉनीटर, सीपीयु, की बोर्ड, माउस सेट, कलर प्रिन्टर, सीसीटीवी केमरे, डीवीआर, फिगर प्रिन्ट डिवाईस, आईरीस डिवाईस, jio इन्टरनेट मोडेम , इन्टरनेट राउटर किमती 95000 रूपये के चोरी करके ले गये है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की। मुखबीर सुचना से आरोपी बंटी पिता चन्दरलाल मालवीय उम्र 22 साल निवासी किशोरपुरा थाना सुवासरा व अभय पिता श्यामलाल बलाई उम्र 18 साल निवासी टोकडा थाना सुवासरा को मय कम्प्युटर सामग्री सहित मेलखेडा से पकडा गया। आरोपियों से चोरी का माल जब्त किया गया। प्रकरण में सह आरोपी गोपाल पिता दाणुलाल बलाई निवासी टोकड़ा की तलाश जारी है।



## मुकेश भटेवरा ने राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण पदक जीते



**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मुकेश भटेवरा ने भाग लेते हुए 100मी., 200मी. एवं 400मी. दौड में स्वर्ण पदक अर्जित किये है।

उपरोक्त विषय में जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवडा ने बताया राज्यस्तरीय मास्टर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन 15 एवं 16 दिसम्बर 2024 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के खेल मैदानों पर विभिन्न खेलों में हुआ जिसमें सिंथेटिक एथलेटिक्स ग्राउंड पर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खेल और युवा कल्याण विभाग, मन्दसौर में पदस्थ जिला एथलेटिक्स कोच, श्री मुकेश भटेवरा भाग लेते हुए 100मी. दौड़, 200मी. दौड एवं 400मी. दौड में स्वर्ण पदक जीत कर 3 स्वर्ण पदको के साथ अपने आयु वर्ग में चेम्पियन बने, यह प्रतियोगिता 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों में आयोजित होती है, इसी प्रतियोगिता के आधार पर आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन किया जाता है। श्री मुकेश भटेवरा की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवडा, पी.एम. श्री पी.जी. कॉलेज के खेल अधिकारी श्री राजू कुमार, खेल विभाग से श्रीमती अनुया कुलकर्णी, श्री अविनाश उपाध्याय, श्रीमती रुबीना खान, श्रीमती प्रियंका प्रजापत, श्री मयूरसिंह राठौर, श्री गोपाल धनगर, श्री वैभव चौरसिया, श्री मीत चौहान और खिलाड़ियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।



# किताबी ज्ञान के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान भी ले बच्चे-डंग

**सीतामऊ, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ पब्लिक स्कूल के 17 वे वार्षिकोत्सव चित्रग में सिंधु सभ्यता से लेकर आधुनिक युग तक की कला व सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन कर रही द हेरिटेज एक्सपो को देख हर कोई दंग रह गया। आम से लेकर खास तक ने द हेरिटेज एक्सपो को जमकर सराहा।

रविवार को सीतामऊयाने छोटी काशी में सीतामऊ पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की अथक परिश्रम की परिणीति चित्रग में देखने को मिली। इसका शुभारम्भ कर अवलोकन करने बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री हरदीपसिंह डंग के साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, खेड़ा की सरपंच मंजू राजेश पाटीदार व वरिष्ठ भाजपा नेता रुघनाथसिंह कांचरिया भी पहुंचे थे। इस दौरान पाषाण युग से लेकर आधुनिक युग तक विभिन्न सभ्यताओं की संस्कृति, कला और व्यवस्थाओ का जीवंत चित्रण देख सबने बच्चों और स्कूल प्रबंधन की सराहना की। बडी संख्या में पहुंचे आम से लेकर खास तक ने ऐतिहासिक सम्पदाओ व सभ्यताओं को जानने में इस प्रदर्शनी को मील का पत्थर बताया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ मज़हर हुसैन ने बच्चों द्वारा की गई तैयारियो की जानकारी भी अतिथियों को दी। वही बच्चों ने ही समूह वार सभी के समक्ष प्रदर्शनी में तैयार किये गए चित्रण के माध्यम से विस्तृत वर्णन भी किया।

**व्यवहारिक शिक्षा की ओर ध्यान दे बच्चे**–द हेरिटेज एक्सपो के उदघाटन के पूर्व वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि पद से सम्बोधित करते हुए विधायक हरदीपसिंह डंग ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें संवारना या गढना केवल विद्यालय या शिक्षक का नहीं बल्कि पूरे परिवार व समाज की जवाबदारी हैं। विधायक डंग ने कहा कि बच्चों में किताबी के ज्ञान के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान भी होना जरुरी हैं। किताबी ज्ञान के साथ ही उसे समाज, देश और आसपास क्या चल रहा हैं, यह भी मालूम होना चाहिए। डंग ने कहा कि पाषाण युग से लेकर आधुनिक युग से सबको परिचित करने वाली द हेरिटेज एक्सपो बच्चों के साथ ही सभी के लिए ज्ञानवर्धक हैं। इसके लिए बच्चे और स्कूल प्रबंधन बधाई के पात्र हैं।

**सीतामऊपब्लिक स्कूल हर बात में अग्रणी**–नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने क्षेत्र में शिक्षा की दिशा में सीतामऊपब्लिक स्कूल को मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय न केवल पढाई बल्कि सामाजिक व प्रशासकीय आयोजनों में भी महती भूमिका निभाते हुए अग्रणी हैं। इस अवसर पर द हेरिटेज एक्सपो और विद्यालय के उद्देश्यों की जानकारी स्कूल डायरेक्टर डॉ मज़हर हुसैन ने दी। इस दौरान सरपंच मंजू पाटीदार ने भी शुभकामनाये ज्ञापित की। अतिथियों का स्वागत डायरेक्टर डॉ हुसैन, डायरेक्टर तैय्यब भाई अत्तार डॉ शेरेबानो हुसैन, श्रीमती फातेमा मेम, हुसेन प्रतापगढ वाला व प्रिंसिपल भारती सोनी आदि ने किया। संचालन विद्यालय के आरूषी जांगड, जया शिवदासीया ने किया। आभार डायरेक्टर शेरेबानो हुसैन ने माना।

**समाजजनों का साफा बाँध किया बहुमान**–इस दौरान विधायक डंग समेत अतिथियों ने कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न समाजो के समाज प्रमुखो जिनमें सकल जैन समाज, पंकज बोहरा, राजपूत समाज हिम्मत सिंह, दाउद्दी बोहरा समाज से तुराब भाई, खाती समाज से घनश्याम केरवा, सेन समाज से गणेश टांकवाल, पंच कचेलिया तेली समाज से लक्ष्मीनाराण राठौर, सागर राठौर, ग्वाला समाज से दिनेश ग्वाला, जीगर समाज से संजय चौहान, लांडी लोणाना शिंदी समाज से अमरू दासानी, पाटीदार समाज से फुलचंद्र पाटीदार, आंजना समाज से हरीबक्ष सिंह आंजना, माली समाज से राकेश माली, जाट समाज से संजय जाट, वसीठा धोबी समाज से मुकेश चौरडिया, पोरवाल समाज से मुकेश कारा, सुतार समाज से पुष्पेन्द्र शर्मा, ब्रहम्ण समाज से नवीन द्विवेदी, शुभम पाठक, मुस्लिम समाज सदर शमशेर खान, बैरागी समाज से पुरनदास बैरागी, कुम्हार समाज से रामलाल प्रजापत, दर्जी समाज से विजय उमठ, आदि समाज जनों का साफा बांधकर सम्मान भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के बच्चों ने माइक पर गीतों की मनमोहक प्रस्तुति भी दी।

# बैंक ऋण राशि जमा करने के बाद भी नोड्यूज नहीं देने पर बैंक के विरुद्ध आदेश पारित

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बैंक से किसान क्रेडिट ऋण लेने के पश्चात परिवादी द्वारा ऋण जमा करने के पश्चात भी बैंक द्वारा नोड्यूज प्रमाणपत्र नही देने एवं अन्य रुपयो की मांग करने से व्यथित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग मंदसौर में परिवाद प्रस्तुत किया। जिस पर परिवादी के पक्ष में एवं बैंक के विरुद्ध एक माह में परिवादी का खाता बंद कर एन.ओ.सी 30 दिन अन्दर प्रदान करने एवं शारिरिक एवं मानसिक प्रताड़ना के मद से 10000/- रुपसे एवं दावा खर्च 5000/- रुपये दावा प्रस्तुति दिनांक से 06 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज दर अदा करने का आदेश पारित किया है।

परिवादी मांगुसिंह पिता चतरसिंह राजूत निवासी तलाव पिपलिया तह. मलहारगढ जिला मंदसौर द्वारा एच.डी.एफ.सी बैंक शाखा मंदसौर से किसान क्रेडिट ऋण प्राप्त किया था। जिसका परिवादी द्वारा समय समय पर भुगतान किया था। बाद में परिवादी द्वारा भुगतान नही करने पर बैंक द्वारा समझोता शर्त पर 1,40,000/- रुपये जमा करने हेतु परिवादी को बोला जिसका परिवादी ने राशि की व्यवस्था कर एकमुश्त राशि विपक्षी एचडीएफसी बैंक शाखा मंदसौर में दिनांक 15.05.2018 को बैंक के खाते में जमा करवाई जिस पर बैंक ने परिवादी को फोर क्लोजर रिपोर्ट की रसीद परिवादी को प्रदान की। और बोला कि आपकी एन.ओ.सी डेड आफिस से 15 दिवस के अन्दर आ जावेगी। जब परिवादी 15 दिन पश्चात विपक्षी बैंक शाखा में गया तो परिवादी को बैंक के कर्मचारी द्वारा बोला कि तुम्हे 50000/- रुपये और जमा करवाने होगी, तभी आपको एन.ओ.सी मिलेगी। जिससे व्यथित होकर परिवादी ने बैंक को अपने अभिभाषक के माध्यम से सूचना पत्र भी भिजवाया था तत्पश्चात विपक्षी एच.डी.एफ.सी बैंक मंदसौर के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत किया। जिस पर से उपभोक्ता आयोग मंदसौर द्वारा परिवादी का परिवाद स्वीकार विपक्षी एचडीएफसी बैंक परिवादी का ऋण खाता बंद कर एक माह के अन्दर एनओसी प्रदान करे। एवं परिवादी को हुई मानसिक प्रताडना के मद से 10000/- रुपये एवं दावा खर्च 5000/- रुपये दावा प्रस्तुती दिनांक से 06 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज दर अदा करने का आदेश पारित किया है। उक्त प्रकरण में सफल पेरवी परिवादी अधिवक्ता विनोद सालवी उनके सहयोगी मदन माली द्वारा की गई।

# मनासा में पत्रकारों की बैठक संपन्न

**सभी पत्रकारों के लिए भूमि आवास के साथ पत्रकार बैठक भवन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**



**मनासा, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रेस क्लब तहसील मनासा रामपुरा की 16 दिशमबर को नगरी आंचलिक पत्रकारों की बैठक विश्राम गृह में सम्पन्न हुई, जिसमें मनासा रामपुरा, कुकडेश्वर व क्षेत्र के पत्रकार बंधुओं ने भाग लिया। संगठन विस्तार हेतु सुरेन्द्र सिंह यादव को संरक्षक बनाया गया। साथ ही उपस्थित सदस्यों ने बहुत ही अहम विषय पर चर्चा की जिसमें संगठन विस्तार के साथ होने वाली परेशानियों और आने वाली बधाओ से एक जुट होकर सामना करना पडेगा इसी कडी में जब पत्रकारों के संगठन कोष की बात आई तो 30 हजार रुपए सुरेंद्र सिंह यादव की ओर से संगठन के कोश में देने का एलान किया इसी प्रकार स्टार हिंदी न्यूज के संपादक की ओर से 10000 रुपए की घोषणा की रमेश गुर्जर द्वारा संगठन कोष के लिए 5000 रुपए की घोषणा की बबलू चौधरी की ओर से 5000 रुपए की घोषणा की संगठन में जिसमे एक माह सदस्य को 200 रुपए प्रति माह की सहमति जताई तथ पश्चात जिला कलेक्टर, विधायक अनिरुद्ध मारू के मार्फत एस डी एम साहब पवन बारिया को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में मनासा, कुकडेश्वर व रामपुरा के समस्त नगरी ग्रामीण आंचलिक पत्रकारों के लिए भूमि आवास कालोनी एवं पत्रकार भवन के लिए ज्ञापन दिया गया। जिसमे प्रेस क्लब तहसील मनासा रामपुरा के सचिव रमेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष बबलू चौधरी, संरक्षक प्रभुलाल सियार संरक्षक सुरेंद्र सिंह यादव, राकेश राठौर अजीमुल्ला खान, दशरथ माली, एवम अन्य साथियों की मौजूदगी रही वचन रमेश गुर्जर द्वारा किया गया सभी का आभार रमेश गुर्जर ने माना।

# धर्मधाम गीता भवन में 52वां गीता जयंती एवं नि:शुल्क 49वां नेत्र तथा सर्वरोग निदान एवं परीक्षण शिविर का शुभारंभ आज

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** धर्मधाम गीता भवन में आज 17 दिसम्बर मंगलवार को मध्यान्ह 12 बजे अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के वर्तमान पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री श्री 1008 स्वामी रामदयालजी महाराज के आशीर्वाद से एवं गीता भवन के संस्थापक एवं अध्यक्ष स्वामी रामनिवासजी महाराज के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय 52वां गीत जयंती महोत्सव एवं 49वां नेत्र शिविर का शुभारंभ धर्मनिष्ठसमाजसेवी श्री रामगोपालजी चौधरी की स्मृति में शुभारंभ होगा।

परम पूज्य श्रद्धेय संत श्री अमृतरामजी महाराज पुष्कर, वृन्दावन के संगीतमय गीता ज्ञान प्रवचन एवं राष्ट्र चिन्तक कर्मयोगी मचलाना गौशाला संस्थापक रामस्नेही संत श्री रामजी महाराज आदि सतों के गीता ज्ञान प्रवचन होंगे। 17 दिसम्बर 2024 को नेत्र शिविर दोप. 12 से 3 बजे तक तथा 18 दिसम्बर बुधवार को सर्वरोग निदान शिविर अनुयोग हॉस्पिटल मंदसौर के तत्वावधान में प्रात: 10 से दोप. 1 बजे तक आयोजित होगा जिसमें जांच एवं दवाई की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी। धर्मधाम गीता भवन संरक्षक नरेन्द्र नाहटा, प्रदीप गनेड़ीवाल, उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, सचिव पं. अशोक त्रिपाठी, ट्रस्टीगण शांतिलाल जैन, धीरेन्द्र त्रिवेदी, सत्यनारायण पलोड, बंशीलाल टांक, विनोद चौबे, शेषनारायण माली, गीता जयंती एवं नेत्र शिविर अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह अखावत, स्वागताध्यक्ष डॉ. प्रवीण मण्डलोई, उपस्वागताध्यक्ष देवेन्द्र मरच्या, मार्गदर्शक ब्रजेश जोशी, आदि सदस्यगण, सर्व रोग निदान शिविर संयोजक नरेन्द्र अग्रवाल, सदस्य रामेश सिसौदिया, संजय वर्मा, ब्रजेश मारोठिया, राकेश दुग्गड़, जगदीश काबरा, दिलीप सेठिया, जितेश फरक्या ने सभी से धर्म एवं स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

## नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका को 55 लाख से अधिक आय प्राप्त

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 14 दिसंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगरपालिका परिषद के द्वारा किया गया, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद में लोक अदालत लगाई गई जिसमें शासन के नियमों के अनुसार संपत्ति कर व जलकर की बकाया राशि पर 25.50 व 100% की छूट पेनल्टी राशि में दी गई। नगरपालिका परिषद को इस नेशनल लोक अदालत में कुल 55 लाख 13 हजार 795 रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिसमें 42 लाख 13 हजार 242 रुपए की राशि संपत्ति कर के रूप में तथा 12 लाख 60 हजार रुपए की राशि जलकर के रूप में प्राप्त हुई।

## डीएलसीसी की बैठक 19 को

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला अग्रणी प्रबंधक श्री संजय कुमार मोदी द्वारा बताया गया की डी.एल.सी.सी. की बैठक 19 दिसम्बर गुरूवार को कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सुशासन भवन सभा कक्ष में सायंकाल 4 बजेआयोजित होगी।



## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत शिविर सम्पन्न

**गरोठ, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद गरोठ के वार्ड क्रमांक 01 खड़ावदा रोड आंगनवाड़ी केंद्र पर शासन निर्देशानुसार 'मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान' अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सभी विभागों द्वारा शासन की समस्त योजनाओ का जन सामान्य को योजनाओं की जानकरी एंव लाभ प्रदाय किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर परिषद गरोठ, श्री धर्मेंद्र शर्मा पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 01, श्री चंद्र सिंह जी सोलंकी एसडीम गरोठ, श्री कमल जी जैन एसडीओ गरोठ, श्री वीरेंद्र कुमार जी मेहता मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद गरोठ, श्रीमती रेखा सोनी महिला एवं बाल विकास विभाग, श्री मानसिंह राणा क़स्बा पटवारी, श्री लक्ष्मी नारायण कुशवाहा एमपीईबी, अनीता व्यास राजस्व, श्री नितेश चन्देल, श्री उमेश भारद्वाज, श्री विशाल माली, श्री राघव भारद्वाज, श्री भूपेंद्र सिंह चंद्रावत, सभी आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित हुए।

# संचार कौशल एवं सामुदायिक विकास पर व्याख्यान आयोजित

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्वी क्षमता विकास पाठयक्रम के विद्यार्थियों के लिए संचार कौशल एवं सामुदायिक विकास पर व्य्ख्यानन का आयोजन स्वावमी विवेकानंद शासकीय स्नाोतकोत्तचर महाविद्यालय में किया गया। जिला समन्वनयक वीरेन्द्रस सिंह ठाकुर द्वारा अतिथि वक्त्ओं का स्वाचगत किया गया। मुख्यि वक्तु स्वानस्थयय विभाग नीमच के श्री विजय बडोने ने बताया कि संचार कौशल, सूचनाओं, विचारों, और भावनाओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की क्षमता. इसमें सुनने, बोलने, लिखने, और शरीर की भाषा का इस्तेमाल करना शामिल है. संचार कौशल, व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों क्षेत्रों में अहम होता है. यह बेहतर संबंध बनाने, विवादों को सुलझाने, और टीम वर्क को बढ़ावा देने में मदद करता है, प्रभावी संचार दो व्यक्तियों के बीच बातचीत का आधार बनता है और आत्मविश्वास हासिल करता है। सामाजिक कार्यकर्ता श्री विश्वादस खंडेवाल ने सामुदायिक विकास विषय पर बताया कि सामुदायिक विकास जिसमें समुदाय के लोग मिलकर उन मुद्दों पर कार्य करते हैं जो उनके लिए अहम हैं, इसका मकसद समुदाय के लोगों को सशक्त बनाकर समुदाय को मज़बूत और एकजुट करना होता है, जब तक समुदाय के लोग एकजुट नहीं होंगे समुदाय का विकास होना असंभव है, हमें समाज में लोगो को समस्याजओं के हल के लिए एकजुट करना है। वक्ताहओं द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओ का समाधान भी किया गया। संचालन एवं आभार पवन कुमरावत ने किया।

# शुभ विचारों का सतत प्रवाह सदाचरण का आधार-रातड़िया



**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन श्री सत्य सांई मंदिर माल गोदाम रोड मन्दसौर के सभा कक्ष में किया गया। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि शुभ विचारो का सतत प्रवाह सदाचरण का आधार है। शरीर को बनाये रखने के लिये प्रतिदिन आहार की आवश्यकता होती है वैसे ही मन को पवित्र व आत्मा को दिव्य स्वरूप मे बनाये रखने के लिये सतत सुविचारो की आवश्यकता होती है। आपने कहा कि रोग रहित तन, तनाव रहित मन, विलासिता रहित जीवन, हिंसा रहित वतन, अनीति रहित धन, उत्कृष्टचरित्र निर्माण के गुण है। आपने कहा कि एक घण्टे की प्रभु भक्ति से दिन के चैबीस ही घण्टे सत्कर्म की प्रेरणा बनना चाहिये। अल्प समय की आराधना शेष समय के स्वच्छंद आचरण की अनुज्ञा नही है। सेंट थामस स्कूल के फादर जानसन ने कहा कि अध्यात्म के सिद्वातों का प्रभाव आचरण मे देखने को मिलना चाहिये। साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के जीवन के संघर्ष मे श्री लक्ष्मणजी का बडा योगदान था। उन्होने 14 वर्ष के वनवास मे निद्रा, भोजन व स्त्री दर्शन का त्याग किया। वे केवल श्रीराम की सत्य न्याय मे विजय के अभिलाषी रहे। इसीलिये श्रीराम के साथ श्री लक्ष्मण जी को भी स्मरण करना चाहिये। पंडित प्रकाश दीक्षित श्री कृष्णकुमार जोशी एवं श्री राजेन्द्र दाहिमा ने विचार रखे। श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री अभय जैन व श्री प्रकाश चंदवानी, श्री गिरीश ढमढरे ने गीत भजन प्रस्तुत किये। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा एडवोकेट ने गतिविधियो की जानकारी दी। श्री राजेन्द्र छाजेड, श्री भेरूलाल पटेल, श्री प्रकाश कल्याणी, श्री ओमप्रकाश सोनी, श्री वासुदेव खेमानी, श्री दशरथ राठौर, श्री नरेन्द्र खण्डेलवाल, श्री सिरुमल आसवानी, श्री महेश संगतानी, श्री शांतिलाल सोनी, श्री प्रदीप माथुर, श्री भेरूलाल राठौर ने संवाद मे सहभागिता की। संचालन श्री रमेश ब्रिजवानी ने व आभार वप्रदर्शन श्री निरंजन भारद्वाज ने किया।

# घर में रखी राशन सामग्री चोरी, 3 पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** घर से खाने-पीने की सामग्री चोरी के मामले में पुलिस ने मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। लसुड़िया कदमाला निवासी धर्मेन्द्र पिता मदनलाल बावरी ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घर के लोहे का चद्दर हटाकर चोर 50 किलो का गेंहू का कट्टा, 25 किलो का शकर का कट्टा, 15 लीटर की खाने के तेल की डब्बी व 30 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए। तलाश की तो पता चला कि उक्त सामान लसुड़िया कदमाला निवासी पंकज पिता गोवर्धनलाल बावरी, बाबूलाल पिता गोवर्धन बावरी व करण पिता बद्रीलाल बावरी चोरी कर ले गए है। पुलिसने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर...

## गुर्जर समाज की बैठक 22 को पिपलिया में

**पिपलियामंडी, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के तत्वाधान में 2025 को होने वाले गुर्जर समाज के 16 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर 22 दिसंबर, प्रात: 11 बजे पिपलिया पंथ देवनारायण देवरे पर समाजजनों की आवश्यक बैठक रखी गई है। समिति कार्यवाहक अध्यक्ष ओमप्रकाश गुर्जर, सचिव अनिल गुर्जर ने बताया बैठक में गत वर्ष हुए सम्मेलन का आय व्यय पत्रक प्रस्तुत होगा, आगामी सम्मेलन की तैयारी हेतु समाजजनों के विचार और सुझाव आमंत्रित है, सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु जोड़ा पंजीयन राशि और समाजजनों से सहयोग राशि सहित अन्य प्रस्ताव सभी समाजजनों के सहमति से प्रस्तावित किए जाएंगे।

## मप्र पेंशनर समाज का तहसील स्तरीय वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 22 को

**मनासा, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा मनासा का तहसील स्तरीय 12 वां वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह दिनांक 22 दिसंबर 2024 रविवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनासा के सभागृह में प्रात: 11:00 बजे से 3:30 तक आयोजित किया जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष देवीलाल शर्मा ,वरिष्ठ संरक्षक डॉ पूरन सहगल ,कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र कुमावत, उपाध्यक्ष बापूलाल रावत, सहसचिव मनोहरलाल मकवाना, तथा महिला सचिव श्रीमती शांता ओझा ने बताया है कि प्रतिवर्ष अनुसार उक्त सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाकर संगठन के आजीवन सदस्यों जिन्होंने 75 बसंत पूर्ण कर लिए हैं उनका शाल एवं श्रीफल द्वारा सम्मान किया जाएगा।

**समारोह के मुख्य अतिथि:**– डी .पी. दुबे प्रांता अध्यक्ष मध्य प्रदेश भारत पेंशनर समाज एवं श्री एम .पी. सिंह परिहार प्रांता अध्यक्ष पुलिस पेंशनर संघ रहेगे।

**विशेष अतिथि:**– श्री सुरेंद्र कुमार अस्थापक प्रांतीय महासचिव ,श्री सी. के. बिश्नोई प्रांतीय महासचिव, श्री राधेश्याम टेलर प्रांतीय सचिव ,श्री गोपाल कृष्ण शर्मा जिला अध्यक्ष मंदसौर, श्री एल. एन. चौहान जिला पेंशन अधिकारी नीमच, श्री बृजमोहन सुरावत जिला कोषालय अधिकारी नीमच ,प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा मनासा ,प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया मनासा रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जै .सी .गुजेटिया जिला अध्यक्ष नीमच करेंगे। सभी अतिथि गण अपनी गतिविधियों की जानकारी देंगे तथा सम्मेलन में भविष्य की क्या योजना रहेगी इस पर विचार व्यक्त करेंगे।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के मेक इन इंडिया अभियान का नया अध्याय...

# ग्लोबल स्किल्स पार्क ने रचा इतिहास

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मेकइन इंडिया अभियान में मध्यप्रदेश ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क ने वंदे भारत ट्रेन के लिए बीएचईएल द्वारा सौंपे गए उच्च गुणवत्ता वाले बियरिंग पार्टर्स का सफलतापूर्वक निर्माण कर यह साबित कर दिया है कि राज्य देश का तकनीकी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल के मार्गदर्शन में ग्लोबल स्किल्स पार्क ने बियरिंग पार्टस निर्माण के प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करते हुए अपनी तकनीकी क्षमता को सिद्ध किया है। बियरिंग पार्टस निर्माण की इस परियोजना में अत्याधुनिक 3-एक्सिस और 5-एक्सिस सीएनसी मिलिंग और टर्निंग तकनीकों का उपयोग किया गया है। ग्लोबल स्किल्स पार्क के प्रशिक्षित विशेषज्ञों और युवाओं ने पूरी दक्षता के साथ बियरिंग पार्टर्स का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया। यह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह मध्यप्रदेश के तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के बढ़ते कदमों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल स्किल्स पार्क ने यह साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश न केवल तकनीकी हब बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि यह मेक इन इंडिया अभियान को मजबूती देने वाला एक मजबूत स्तंभ भी बन रहा है। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल ने कहा कि यह सफलता दर्शाती है कि हमारे युवा विश्वस्तरीय औद्योगिक मानकों को पूरा करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में पूरी तरह सक्षम हैं। ग्लोबल स्किल्स पार्क ने तकनीकी नवाचार और प्रशिक्षण में एक अनूठी मिसाल पेश की है।

**तकनीकी शिक्षा और नवाचार का केंद्र**–ग्लोबल स्किल्स पार्क, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा के समन्वय का बेहतरीन उदाहरण है। संस्था ने साबित किया है कि भारत में उन्नत तकनीकों का विकास और उन्हें विश्वस्तरीय उत्पादों में बदलना संभव है। ग्लोबल स्किल्स पार्क न केवल युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल सिखा रहा है, बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसर भी प्रदान कर रहा है। ग्लोबल स्किल्स पार्क की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि राज्य के प्रशिक्षित युवा वैश्विक औद्योगिक चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**ग्लोबल स्किल्स पार्क : आत्मनिर्भरता और प्रगति का प्रतीक**–ग्लोबल स्किल्स पार्क की यह उपलब्धि मेकइन इंडिया अभियान की सफलता को मजबूत आधार प्रदान करती है। यह परियोजना बताती है कि उन्नत तकनीकों का उपयोग और स्थानीय प्रतिभा का सही मार्गदर्शन देश को वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत, भारत ने तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत की है। ग्लोबल स्किल्स पार्क भोपाल जैसे संस्थान न केवल स्थानीय स्तर पर विकास की कहानी लिख रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर आत्मनिर्भरता और तकनीकी उत्कृष्टता के उदाहरण भी पेश कर रहे हैं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 133 | 2349 | 2550 |
| उडद | 46 | 5240 | 6651 |
| सोयाबीन | 3000 | 3920 | 4320 |
| गैहु | 1946 | 2720 | 3231 |
| चना | 192 | 5625 | 6500 |
| मसुर | 49 | 5200 | 6150 |
| धनिया | 110 | 6025 | 7200 |
| लहसुन | 10000 | 10000 | 28500 |
| मैथी | 580 | 4460 | 5978 |
| मुंगफली | 3000 | 4400 | 5400 |
| अलसी | 1404 | 5400 | 6144 |
| सरसो | 178 | 5122 | 5790 |
| तारामीरा | 1 | 4420 | 4420 |
| इसबगोल | 72 | 9000 | 12701 |
| प्याज | 13000 | 900 | 2575 |
| कलोंजी | 14 | 13781 | 18151 |
| तुलसी बीज | 3 | 14981 | 17800 |
| डॉलर | 42 | 8201 | 10950 |
| तिल्ली | 29 | 9001 | 12001 |
| जौ | 45 | 2592 | 2629 |
| मटरसुखी | 2 | 4000 | 5400 |
| असालीया | 4 | 12500 | 13611 |
| चिया बीज | 56 | 13600 | 15700 |

# पेट्रोल पंप डकैती की साजिश रच रहे थे कंजर


## दबिश में एक धराया, जप्त एसयूवी से करणी सेना की नेम प्लेट मिली

**मंदसौर/रतलाम, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम क्षेत्र में पेट्रोल पंप में डकैती की साजिश रच रहे 5 कंजरों ने पुलिस को देख दौड़ लगा दी। पुलिस ने पीछा कर एक कंजर को पकड लिया। 4 कंजर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। कंजरों की स्कॉर्पियो के अंदर से एक नंबर प्लेट मिली। इस पर अध्यक्ष श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना लिखा है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ताल मंडावल रोड पर ग्राम दौलतपुर पेट्रोल पंप के पास रोड के नीचे जंगल में झाड़ की आड़ में पांच लोग बैठकर पेट्रोल पंप को लूटने की साजिश रच रहे हैं। ताल थाना एवं खारुवाकलां चौकी पुलिस ने संयुक्त रूप से दबिश दी।पुलिस को देखकर बदमाशों ने भागने का प्रयास किया। एक आरोपी को पुलिस ने पकड लिया लेकिन बाकी 4 भाग निकले। पुलिस ने उन्हें जाकर पीछा कर एक कंजर को पक?।। भाग रहे बदमाशों ने लाठियों से हमला भी किया। इसमें पुलिस की मदद करने वाले कुछ लोगों को चोट भी आई है।एएसपी राकेश खाखा ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश पंथ पिपलौदा रोड किनारे झाड?ों की आड़ में डकैती की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने दबिश दी। आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। 4 बदमाश भाग गए।एक निर्मल उर्फ विजेंद्र उर्फ मल (23) पिता देवीसिंह सिसौदिया कंजर निवासी ग्राम पीपलरांवा जिला देवास को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**करणी सेना अध्यक्ष नाम की प्लेट मिली–** पुलिस के अनुसार आरोपियों की स्कॉर्पियो के अंदर से एक नंबर प्लेट मिली। इस पर अध्यक्ष-श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना लिखा था। यह एमपी 42 पासिंग है। पुलिस को आशंका है कि नेम प्लेट का उपयोग आरोपी टोल नाकों से बचने या पुलिस की निगाह से छिपने के लिए करते होंगे। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

**टामी, मिर्च पाउडर भी मिला–** आरोपी के पास से डकैती के लिए लाए धारदार लोहे का बक्का, टामी, मिर्ची पाउडर और एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया, जिसमें वे आए थे। पकड़े गए आरोपी निर्मल से पूछताछ में भागे हुए आरोपियों के नाम भी पता चले। ये नगजीराम कंजर, निरंजन कंजर, कुणाल कंजर व मोहित कंजर सभी निवासी टोंकखुर्द जिला देवास हैं। सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और बीएनएस की धारा 310 (4), 310 (5), 310 (6) में केस दर्ज करके पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है।



### मल मास के पवित्र अवसर पर प्राचीन श्री बिजेश्वर महादेव धाम बिजवाड़ में श्रीमद् भागवत का आयोजन

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अष्टमुखी श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के प्रतिष्ठाता श्री प्रत्यक्षानंद महाराज, चेतन्य आश्रम मेनपुरिया मंदसौर, श्री भागवतानंद महाराज व श्री नित्यानंद महाराज की तप साधना स्थली श्री बिजेश्वर महादेव मन्दिर, धाम बिजवाड जिला देवास व आसपास के क्षेत्रों में भक्ति ज्ञान की आध्यात्मिक प्रेरणा से मन्दिर, कुटिया, सत्संग भवन के निर्माण करवाए हैं, जिससे बिजेश्वर धाम की प्रसिद्धि हुई है। यहां वर्ष भर धार्मिक आयोजनों में भक्तजन लाभान्वित होते रहे हैं। इस वर्ष मल मास में 25 दिसम्बर से 1 जनवरी 25 तक श्रीमद्भागवत कथा का विशाल आयोजन होगा, जिसमें चैतन्य आश्रम मेनपुरिया के संतों का आशीर्वाद प्राप्त भागवताचार्य पं. श्रीकृष्ण वल्लभ शास्त्री मालवा स्वामी प्रतिदिन दोपहर 12.15 से सायं 4.30 तक संगीतमय कथा श्रवण करवाएंगे। भागवत विचार संस्थान, पशुपतिनाथ महादेव मंदिर परिसर, मंदसौर व श्री बिजेश्वर महादेव मंदिर प्रबन्ध समिति व समस्त क्षेत्रवासी, बिजवाड़ भक्तजनों ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



# पुलिस बैंड ने गांधी चौराहा पर दी प्रस्तुति

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विजय दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस बैंड द्वारा गांधी चौराहा पर संगीतमय धुनों पर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद, जिला जैल अधीक्षक श्री प्रेम कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी, सीएसपी श्री सतनाम सिंह, होमगार्ड कमांडेंट डी आर वर्मा, रक्षित निरीक्षक श्री केपी तोमर, थाना प्रभारी कोतवाली पुष्पेंद्रसिंह राठौर, सूबेदार श्रीमती शमीम राणा एवं पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद द्वारा किया गया। आभार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर गौतम सोलंकी द्वारा व्यक्त किया गया।

# मंदसौर की हॉकी खिलाड़ी अदिति बनी एशिया विजेता

## हॉकी टीम भारत ने तीन-दो से चीन को किया पराजित

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ओमान के मस्कत में 7 से 15 दिसंबर तक आयोजित जूनियर वूमेंस हॉकी एशिया कप में बना भारत एशिया विजेता इस ग्रुप में अभी तक भारत केवल दो ही बार विजेता बना है और दोनों ही बार अदिति इस टीम की सदस्य रही है। यह जानकारी हाकी मंदसौर के सचिव अविनाश उपाध्याय व अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया ने दी उन्होंने यह बताया कि पिछली बार की विजेता भारत ने अपने पहले ही मैच में बांग्लादेश को 13-1 से मलेशिया को 5-0 से थाईलैंड को 9-0 से हराया लेकिन अपने अंतिम लीग मैच में चीन से दो के मुकाबले एक गोल से हार हुई सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने उस हार को भूलाकर कर जापान को 3-1 से हराया वह फाइनल में प्रवेश किया । फाइनल फिर उसी चीन से होना था जिससे लिग मैं हार चुके थे लेकिन फाइनल के जबरदस्त मैच में भारत में चीन को 3- 2 से हराया ज्ञात रहे अदिति की हॉकी की शुरुआत कक्षा छठी उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड से हुई थी इसके बाद मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित मंदसौर में हॉकी फीडर सेंटर में नियमित सदस्य रही यही से राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शिरकत करी यहीं से बाद मैं महिला हॉकी अकादमी में चयन हुआ उसके बाद परमजीत सिंह बराड़ जैसे कोच का सानिध्य भी मिला



अदिति अभी इनकम टैक्स मुंबई में पदस्थ है। अदिति की इस उपलब्धि में पिता अभिनव महेश्वरी जो कि जल संसाधन विभाग मंदसौर कार्यरत है का भी अमूल्य योगदान रहा है अदिति की इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज्ज़ाक, सीनियर खिलाड़ी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी जितेन्द्र कनौजिया ने दी।

# प्रधानमंत्री जयपुर से जारी करेंगे पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की एमओए

**✻ पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना अंतर्गत 2933 करोड़ से निर्मित होगी शिवना बैराज दाबयुक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना ✻ आज दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित होगा किसान सम्मेलन ✻ गांव-गांव में होगा राम जल सेतु कलश यात्रा का आयोजन ✻ साप्ताहिक अंतर विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न**

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जानकारी प्रदान की गई कि, 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जयपुर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना का एमओए जारी करेंगे। पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना अंतर्गत मंदसौर जिले के लिए 2 हजार 933 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से शिवना बैराज दाबयुक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना का निर्माण किया जाएगा।



उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत 17 दिसंबर दोपहर 12:00 बजे से कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जयपुर से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किसान सम्मेलन में दोपहर 12:00 बजे से किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का मल्हारगढ़ एवं मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के लाभान्वित ग्राम पंचायत में भी किया जाएगा। योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए 25 दिसंबर तक लाभान्वित गांव में कलश यात्रा, भजन संध्या, नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता, खेलकूद गतिविधियां आदि का आयोजन होगा। इसके साथ ही शिवना नदी के घाट पर मां शिवना की आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शिवना परिक्रमा का भी आयोजन होगा। योजना से लाभान्वित जितने भी ग्राम और ग्राम पंचायत है। उन ग्रामों में राम जल सेतु कलश यात्रा का आयोजन 25 दिसंबर तक किया जाएगा।

शिवना बैराज दाबयुक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना से मंदसौर जिले के 147 गांव लाभान्वित होंगे। जिसमें मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 32 गांव एवं मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के 115 गांव लाभारित होंगे। इससे 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। उक्त परियोजना को शिवाना बैराज से पानी मिलेगा। इसमें 2 लाख 28 हजार 250 मीटर की मुख्य पाइप लाइन का निर्माण किया जाएगा। इससे मंदसौर जिले के 79 हजार 982 हितग्राही को लाभ मिलेगा।

# सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुयश रामायण मंडल के तत्वाधान में लगातार 21वें वर्ष श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। श्रीराम कथा शुभारंभ के पूर्व कथा प्रवक्ता पं. दशरथ शर्मा भाईजी के सानिध्य में शीतला माता मंदिर जनता कॉलोनी से पोथी यात्रा निकाली गई। जो जनता कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर होती हुई महाराणा प्रताप चौराहे से कथा स्थल संजय गांधी उद्यान पहुंची। पोथी यात्रा का मार्ग में जगह-जगह भक्तों ने स्वागत किया।



पोथी यात्रा का नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने भी पोथी पूजन कर चल समारोह का स्वागत किया स्वागत किया। वहीं धार्मिक उत्सव समिति के सदस्य, समाजसेवी मिलिन्द जिल्हेवार, रमेश खत्री, शिक्षक संघ के भगवती शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष शांतिलाल मालवीय, दीपक मालवीय ने भी पोथी यात्रा का स्वागत किया। कथा के मुख्य जजमान पूर्व पार्षद सुरेश भावसार एवं श्रीमती माया भावसार ने पोथी पूजन किया। गणपति पूजन पं. शैलेंद्र उपाध्याय एवं पं. दुर्गाशंकर चतुर्वेदी द्वारा करवाई गई। कथा का शुभारंभ पं. सूर्यप्रकाश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कथा के प्रथम दिवस पंडित दशरथ भाई जी ने राम कथा का प्रारब्ध बताया। आपने राम कथा में शिव महिमा का वर्णन किया। माता पार्वती के द्वारा पूछी गई राम कथा के बारे में शिव जी ने वृतांत से बताया गया प्रसंग का भी वर्णन किया गया। प्रथम दिन कथा के शुभारंभ अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण कथा श्रवण करने उपस्थित हुए।

# आईएफएमआईएस में कर्मचारियों की प्रोफाइल समग्र आईडी से सत्यापित एवं आधार से होगी लिंक-उप मुख्यमंत्री

## अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा होंगे ऑनलाइन, सत्यापन कार्य प्रारंभ

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा का सत्यापन आईएफएमआईएस के तहत समग्र आईडी से सत्यापित किया जायेगा। साथ ही शासकीय सेवकों का वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के माध्यम से होगा। इस व्यवस्था में सभी शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वे आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करना सुनिश्चित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करने की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन/अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना होगा। कर्मचारियों के वेतन प्राप्त करने वाले बैंक खातों को भी आधार से लिंक कराया जाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में शासन के समस्त विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी एवं आहरण संवितरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि 28 फरवरी 2025 तक समस्त शासकीय सेवकों की समग्र आईडी की प्रविष्टि आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्प्लाई प्रोफाइल में हो जाये। आईएफएमआईएस अंतर्गत बजट नियंत्रण अधिकारी/आहरण संवितरण अधिकारियों की लॉगइन पर मॉनिटरिंग हेतु रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायेगी। कर्मचारियों के डाटा के समग्र आईडी से सत्यापन कार्य के प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी के प्रविष्टि की कार्यवाही की जाना है। द्वितीय चरण में मानदेय/संविदा/दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों का भी सत्यापन एवं आधार से लिंक किया जायेगा। समग्र पोर्टल से संबंधित सहयोग/सहायता के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। समग्र आईडी बनवाने/अद्यतन करवाने/सुधार करवाने संबंधी जानकारी/यूजर मैनुअल समग्र पोर्टल https://samagra.gov.in/ से प्राप्त किये जा सकते हैं।



### तेली समाज धर्मशाला समिति बैठक 22 को

**पिपलियामंडी, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** घाणावार तेली समाज धर्मशाला समिति (ट्रस्ट) भावदामाता की बैठक 22 दिसम्बर को प्रात: 11.30 बजे समाज की धर्मशाला पर होगी। जिसमें आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन के साथ ही महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी। वहीं वर्ष 2024 का धर्मशाला समिति लेखा-जोखा पेश करेगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी निर्मल राठौर (जग्गाखेड़ी) ने दी।

### ट्रक ने मारी कार को टक्कर

**पिपलियामंडी, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कार को टक्कर मारने वाले ट्रक ड्राइवर पर पुलिस ने केस दर्ज किया। शिक्षक कॉलोनी पिपलियामंडी निवासी कमलेश मनवानी ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि महू-नीमच मार्ग टोल टेःस पर ट्रक (एमपी 19 एटी 0510) के ड्राइवर बींद, (चकिया, चंदौली, यूपी) निवासी राम आसरे पिता अमरदेव ने तेज व लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाकर मेरी कार (एचपी 11 बी 1587) को टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में प्रदेश में 10 लाख आवास बनेंगे

## योजना में हितग्राहियों को 22 हजार 800 करोड़ रूपये की राशि हुई जारी

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की शुरूआत हो गई है। इस योजना में प्रदेश के जरूरतमंद हितग्राहियों के लिये 10 आवास बनाये जायेंगे। इस योजना का लाभ उन हितग्राहियों को दिया जायेगा, जिन्हें किसी कारण से अब तक आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मैदानी अमले को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के आवेदन संबंधी जानकारी नजदीकी नगरीय निकायों से प्राप्त की जा सकती है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये केन्द्र सरकार ने यूनीफाइड वेब पोर्टल पर भी जानकारी अपलोड की है।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में 4 प्रकार के घटक शामिल किये गये हैं। हितग्राही आवेदन करते समय अपनी पात्रता और आवश्यकता के अनुसार घटक का चयन कर सकते हैं।योजनासंबंधी निर्देशिका https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2023/Pmay Default.aspx पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में देश में एक करोड़ आवास और मध्यप्रदेश में 10 लाख आवास बनाये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में विशेष वर्गों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। इनमें पीएम स्वनीधि योजना, भवन निर्माण श्रमिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, सफाई कर्मी और झुग्गी बस्ती में रहने वाले परिवार शामिल है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 में 8 लाख 25 हजार आवास बनकर हो गये हैं तैयार–** प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अब तक 8 लाख 25 हजार जरूरतमंद हितग्राहियों के आवास निर्माण पूरे किये जा चुके हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के पहले चरण में 9 लाख 45 हजार आवास स्वीकृत किये गये थे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण के क्रियान्वयन की सम्पूर्ण अवधि में मध्यप्रदेश देशभर में अग्रणी स्थान पर है। योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिये मध्यप्रदेश और प्रदेश की कई नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण में प्रभावी क्रियान्वयन का श्रेय न्यूनतम दर पर आवास उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार द्वारा किये गये कई नवाचारों को जाता है। स्वीकृत आवासों के निर्माण कि लिये केन्द्रांश और राज्यांश की अनुदान राशि 19 हजार 700 करोड़ रूपये एवं क्रेडिट लिंक सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) घटक के लिये ब्याज अनुदान के रूप में 3 हजार 900 करोड़ रूपये, इस प्रकार कुल राशि 23 हजार 600 करोड़ रूपये स्वीकृत की जा चुकी है। हितग्राहियों को अब तक 22 हजार 800 करोड़ रूपये की राशि जारी की जा चुकी है।


Office of the Civil surgeon cum chief hospital superintendent District Hospital Mandsaur
Government of Madhya Pradesh
1. Notice Inviting Tenders (NIT) For Supply of Apheresis (SDP) Machine and Consumable Accessories.

Tender Reference: DHS DHMOS HA 09 SDP

1. The Office of the Civil surgeon cum chief hospital superintendent District Hospital Mandsaur (hereinafter called "Tender Inviting Authority) hereby invites Online Tenders from eligible manufacturers or their authorized distributors/ importer for supply of CE/ISO/USFDA/WHO-GMP FDA certified Apheresis (SDP) Machine and its consumable accessories.

2. Tenders must submitted online at www.mptenders.gov.in from 17/12/2024 Time 10:00 to 23/12/2024 Time 18:00.

3. Tenders will be opened after last date of submission of tender.

Civil surgeon cum chief hospital superintendent
District Hospital Mandsaur


# वात्सल्य स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

## बच्चों ने कराया सम्राट यशोधर्मन के शौर्य और साहस से रुबरु, धार्मिक, मार्मिक और देशभक्ति पूर्ण नृत्य-नाटिकाओं ने मन मोहा




**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** वात्सल्य पब्लिक स्कूल में 27वां वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया गया। वार्षिकोत्सव यश-ओ-धर्मन की थीम पर आधारित रहा। दशपुर के सम्राट यशोधर्मन की शौर्य गाथा और उनके जीवन से विद्यार्थियों की नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से रुबरु होने का मौका मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डायरेक्टर एनसईआरटी, आरआईई भुवनेश्वर प्रोफेसर डॉ ऋषिकेश सेनापति और जिला कलेक्टर अदिती गर्ग थी। वहीं अतिथि के रूप में चौईथराम स्कूल प्रिंसीपल राजेश अवस्थी और पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया भी उपस्थित थे। इसी तरह से वात्सल्य स्कूल के संस्थापक प्रदीप गनेड़ीवाल ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। अतिथियों का प्रेरणादायी उद्बोधन से बच्चों के आत्मविश्वास बढ़ाने वाला था।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति का दौर शुरू हुआ। शाम को शुरू हुए कार्यक्रम की शुरूआत हुई। वात्सल्य स्कूल के बच्चों की शानदार प्रस्तुतियां उनके अंदर मौजूद प्रतिभा सहज रूप से बयां कर रही थी। इस अवसर पर मौजूद अभिभावकों सहित अन्य अतिथियों ने इस शानदार कार्यक्रम की जमकर सराहना की। तालियों की गडगड़ाहट बच्चों का हौसला अफजाई तो कर ही रही थी, बल्कि कार्यक्रम की भव्यता को भी बयां कर रही थी। वात्सल्य स्कूल के इस वार्षिकोत्सव समारोह में एक ही मंच से करीब 900 से अधिक विद्यार्थियों ने लगभग 20 से अधिक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। सम्राट यशोधर्मन की वीरगाथाओं पर तो कार्यक्रम केंद्रीत था ही सही, इसके अलावा राष्ट्रीय और धार्मिक सहित कई विषयों पर आधारित कार्यक्रमों ने भी दाद भी बटोरी। प्री प्रायमरी स्तर के नन्हे-मुन्नों ने भी प्रस्तुतियां दी। इसी तरह प्राथमिक से हायर सेकंडरी स्तर के बच्चों ने सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुतियां दी। कालिदास पर आधारित नाट्य प्रस्तुती ने काफी वाह वाही बटोरी। धार्मिक, मार्मिक और देशभक्ति पूर्ण नृत्य व नाटिकाओं से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

**यह था विशेष–** वर्षिकोत्सव में वात्सल्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा बनाई गई डॉक्यूमेंट्री वात्सल्य रिवाइंड प्रदर्शित की गई।इस डॉक्यूमेंट्री में सम्राट यशोधर्मन की ऐतिहासिक महत्ता, मंदसौर की सांस्कृतिक विरासत और स्कूल के मानवीय मूल्यों को दशार्या गया है। इसमें यशोधर्मन टाइटल ट्रैक का संगीत भी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर कंपोज किया।

**सम्राट यशोधर्मन पर एक माह तक की शोध–** वार्षिकोत्सव की थीम यशोधर्मन एक धरोहर थी। इस थीम पर खरा उतरने के लिए स्कूल स्टॉफ ने काफी मेहनत की। मंच पर सम्राट यशोधर्मन पर एक महत्वपूर्ण नाट्य की बच्चों ने प्रस्तुत किया। इस नाट्य के लिए स्कूल के शिक्षकों और अन्य स्टॉफ ने करीब छह माह तक सम्राट यशोधर्मन के जीवन को जाना। इसके लिए इतिहास के बारे में जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों से लगातार संपर्क किया गया। किताबों सहित अन्य स्त्रोतों से छोटी छोटी जानकारी एकत्रित कर एक डाटा तैयार किया गया। इसके बाद उसे एक नाट्य के रूप में प्रस्तुत कर सम्राट यशोधर्मन से उपस्थित लोगों को रुबरुकराया।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in